अलवर के गौरव यादव को मिला आईएमए का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड ‘स्वॉर्ड ऑफ ऑनर

चर्चा में क्यों?

9 दिसंबर, 2023 को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून में पासिंग आउट परेड में राजस्थान के अलवर ज़िले के गौरव यादव को आईएमए का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड ‘स्वॉर्ड ऑफ ऑनर’ मिला, साथ ही वे गोल्ड मैडल विजेता भी रहे।

प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से 343 युवा कैडेट्स पास आउट होकर देश सेवा के लिये सेना की मुख्यधारा में जुड़ गए। इसके साथ ही मित्र राष्ट्रों के 29 कैडेट्स भी पास आउट हुए।
- पासिंग आउट परेड में गौरव यादव को ऑर्डर ऑफ मैरिट में पहला स्थान मिलने पर गोल्ड मैडल मिला। चमोली, उत्तराखंड के सौरव बधानी को ऑर्डर ऑफ मैरिट में दूसरा स्थान मिलने पर सिल्वर मैडल तथा कानपुर, उत्तर प्रदेश के आलोक सिंह को तीसरा स्थान मिलने पर ब्रॉन्ज मैडल मिला।
- विदित हो कि अलवर के गौरव यादव के पिता बलवंत सिंह यादव किसान हैं और माँ कमलेश यादव गृहणी हैं। गौरव ने केरल पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की थी। उनके भाई विनीत कुमार सेना में नायक के पद पर कार्यरत हैं।
- गौरव ने बताया कि उन्होंने पाँच बार एनडीए की परीक्षा दी। चार बार वह असफल रहे, लेकिन पाँचवीं बार एनडीए पास किया। उन्हें पिछले साल अकादमी के 143वें कोर्स में राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक (प्रेसीडेंट गोल्ड मेडल) मिला था।

//